जयंती

भारत रत्न पं . अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण

अटल जी ने दुनिया के पटल पर हिंदी को स्थापित किया

नवभारत ,दमोह। 20 वीं शताब्दी में यदि कोई नाम लिया जाएगा तो वह श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी होंगे। आज उनकी 101 वी जयंती पर मैं उन्हें नमन करता हूं, हर व्यक्ति अटल जी को अपना मानता हैं, चाहे उनका राजनीतिक विरोधी ही क्यों ना हो, लेखक, कवि, पत्रकार, समाजसेवी सभी अटल जी को अपना मानते हैं।

अटल जी का व्यक्तित्व ऐसा था जहां सभी एक खेमे में खड़े हो पाते थे। इस आशय के विचार प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अटल उद्यान में ने भारत रत्न पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101 वीं जयंती पर अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान कही। उन्होंने कहा यह मेरा सौभाग्य हैं की 101 वी जयंती पर मैं दमोह के अटल उद्यान में श्रद्धेय अटल जी को सभी के साथ नमन कर रहा हूँ। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल ने दमोह के अटल उद्यान में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पंचायत मंत्री श्री पटेल ने कहा जो मर्यादाएं और परंपराएं श्री अटल जी ने भारतीय लोकतंत्र में स्थापित की हैं। दुनिया के पटल पर हिंदी को स्थापित करने वाले अटल जी थे जिन्होंने यू.एन में जाकर मातृभाषा हिंदी में भाषण दिया था। ऐसी साहसी व्यक्तित्व के चरणों में नमन करता हूँ। इस आशय के विचार प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अटल उद्यान में अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर वह पुष्प अर्पित करने व आर्शीवाद लेने के दौरान व्यक्त किये। उन्होने कहा वे स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं कि श्रद्धेय अटल जी की 101वीं जयंती के अवसर पर दमोह स्थित अटल उद्यान में उनके चरणों में नमन करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होने कहा 25 दिसम्बर गुरूवार को दमोह के अटल उद्यान में भारत रत्न, पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर वह पुष्प अर्पित करने व आर्शीवाद लेने आये हुये थे। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने इस अवसर पर कहा कि देश की राजनीति में कालजयी व्यक्ति और अगर 20 शताब्दी में कोई नाम लिया जायेगा तो वह श्रद्धेय अटल जी का होगा।

> **हिन्दी के हिमायती अटल वह नेता हैं जिन्होंने यूएन में जाकर हिन्दी में भाषण दिया था- मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल**
>
> देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्हें राजनीति के विरोधी भी अपना मानते थे। वे पत्रकारों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, कवियों और लेखकों सभी के बीच समान रूप से सम्मानित थे। उनके साथ कार्य करने और उनका सान्निध्य पाने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ,

टीम उम्मीद का मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सम्मान किया

मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने टीम उम्मीद को हेलमेट पहनाकर सम्मानित किया। टीम उम्मीद प्रमुख हरीश पटेल को सम्मानित करते हुये मंत्री पटेल ने उनके कार्यों की सराहना करते हुये शुभकामनायें भी दीं। विदित हो कि टीम उम्मीद गत वर्षों से लगातार स्वच्छता, बाढ आपदा एवं जन हितेषी कार्यों में लगातार सक्रिय भूमिका का निर्वाहन कर रही है।

पटेल ने पंडित अयोध्या प्रसाद गौतम पंचांग का किया विमोचन

प्रदेश के पंचायत व ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पंडित अयोध्या प्रसाद गौतम पंचांग 2026 का विमोचन किया। पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारीयों, वरिष्ठ पत्रकारों, समाजसेवियों की उपस्थिति में पंडित गौतम पंचांग की सराहना की गई।

डिजिटल मतदान से पारदर्शिता होती

कुम्हारी। डिजिटल मतदान से फायदा होता है इसके फायदे जिसमे पारदर्शिता और सटीकता रहेगी उपचुनाव कुम्हारी क्षेत्र क्रमांक 10 जहां पर पेपर लेस मतदान जागरुक होकर करें मतदान हर एक वोट मूल्यवान है। वही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनहित में जारी मतदान सुरक्षा और डाटा प्रबंधन में सहूलियत होती है । पेपरलेस मतदान में पर्यावरण के प्रति अनुकूलता रहती है।

जहां पेपर की कमी नहीं होती पेपरलेस मतदान से बहुत फायदे हैं। जागरुक होकर सभी मतदान करें हर एक वोट मूल्यवान है. मतदाता अपने हक का उपयोग करें. डिजिटल मतदान से पारदर्शिता बनी रहती है सावधानी सुरक्षा के पूरे इंतजाम टेक्निकल पद्धति के माध्यम से हो जाते हैं उपचुनाव कुम्हारी क्षेत्र क्रमांक 10 में होने जा रहा 29 दिसंबर को मतदान करने के लिए मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे.

लोकतंत्र के मजबूतीकरण को पेपर लेस मतदान अहम भूमिका निभाता है. मतदाता जागरूकता के साथ मतदाता पर्चियां का वितरण प्रशासन टीम के द्वारा किया गया जिसमें तहसीलदार उमेश तिवारी नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल पटवारी धर्मेंद्र चर्कवर्ती उपस्थित रहे ।

धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण

कुम्हारी । धान खरीदी केन्द्र कुलुवा कुम्हारी समिति का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सर्वेयर के द्वारा उचित मानक धान खरीदी की जाए अमानक धान ना खरीदी जाए 7 किसानों के लिए किसी भी प्रकार की अवस्थाएं ना हो शासन की गाइडलाइन के अनुसार जो खरीदी केंद्र में व्यवस्था मुहैया कराई जाती वह किसानों को दी जानी चाहिए. वहीं पटेरा तहसीलदार उमेश तिवारी नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल ने समिति प्रबंधक आनंद जैन क़ो आवश्यक दिशा निर्देश दिए वही किसी भी तरह यदि लापरवाही की शिकायत मिलती है तो विधि बाद कार्रवाई की जाएगी .

सांसद खेल महोत्सव का समापन

- 8000 से अधिक बच्चों ने की भागीदारी
- विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित

नवभारत ,दमोह. पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजन संपन्न हुआ। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत दमोह जिले के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, प्रदेश स्तर के खिलाड़ी, महोत्सव के विजेता प्रतिभागी व आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों को सम्मानित किया गया।

सांसद राहुल सिंह ने कहा यह कार्यक्रम जिले की सातों तहसीलों सहित संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया 16 नवम्बर से मैराथन के साथ इस महोत्सव की शुरुआत हुई थी, जिसके बाद वॉलीबॉल व कबड्डी प्रतियोगिताएं लोकसभा क्षेत्र की सभी 08 विधानसभाओं में आयोजित की गईं। इन खेलों के फाइनल मुकाबले दमोह में संपन्न हुए।सांसद ने कहा इस समापन समारोह में देशभर से 290 से अधिक लोकसभा व राज्यसभा सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराया। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि दो महीने तक चले इस सांसद खेल महोत्सव में 08 विधानसभाओं से लगभग 8000 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।हॉकी, कबड्डी सहित विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। अंत में सांसद राहुल सिंह ने लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायकों, मंत्रियों, तीनों जिलों के अध्यक्षों, जिला प्रशासन व खेल विभाग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं खेल जगत से जुड़े गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

नवभारत,पथरिया।बुधवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय पथरिया में सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल व चार्ट तैयार किए। साथ ही कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर नित्य प्रस्तुत किया। अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रत्येक कक्षा के पांच पांच विद्यार्थियों को व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक प्राचार्य व समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही।

बच्चों को साइबर सुरक्षा व अपराधों से बचाव संबंधी महत्तपूर्ण जानकारियां दी

नवभारत ,दमोह.पुलिस अधीक्षक कार्यालय दमोह स्थित साइबर सेल शाखा में पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में बच्चों को साइबर सुरक्षा व साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई.

उल्लेखनीय है कि पी.एम.श्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, मझगुवां हंसराज, जिला दमोह द्वारा ओरिएंटेशन भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को साइबर विजिट कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित किया गया था.उक्त पत्र के अनुक्रम में साइबर सेल दमोह द्वारा विद्यार्थियों को साइबर जागरूकता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया. इस अवसर पर साइबर सेल दमोह से निरीक्षक नेहा गोस्वामी,प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या, आरक्षक मयंक दुबे, आरक्षक अभिषेक कोष्टी व आरक्षक मनोहर द्वारा बच्चों को ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ओटीपी/लिंक फ्रॉड, फर्जी कॉल, डिजिटल गोपनीयता व साइबर सतर्कता से संबंधित आवश्यक साइबर टिप्स सरल व प्रभावी भाषा में समझाए गए.

एक नजर में

मृत मिला तेंदुआ

नवभारत,तेंदूखेड़ा . वन मंडल अंतर्गत तेजगढ़ रेंज के ग्राम वंशीपुर बीट में तेंदुए का शव मिलने की जानकारी मिलने पर वनविभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए किस परिस्थिति में मरा .इसकी जांच कर रही है . मौका स्थल पर पहुंचने वालों में जिला वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे उपमंडल अधिकारी तेंदूखेड़ा प्रतीक दुबे, तेंदूखेड़ा रेंजर नीरज जैन सहित बड़ी संख्या में वन अमला मौजूद रहा . इस संबंध में वन अधिकारियो इस बात करने पर उन्होंने बताया कि तेंदुआ तेंदूखेड़ा क्षेत्र के तेजगढ़ रेंज की वंशीपुर बीट में मृत मिला है .तेंदुआ की मौत किस कारण हुई का डाक्टरों द्वारा परीक्षण उपरांत पता चलेगा .वहीं कुछ लोग ठंड लगने से शिकारियों द्वारा शिकार होने का अंदेशा जाता रहे .चूंकी क्षेत्र में वन माफिया सक्रिय है

रोटरी क्लब दमोह के सेवाभावी कार्य निरंतर जारी

नवभारत,दमोह . रोटरी क्लब दमोह ग्रेटर द्वारा अपने सेवाभावी कार्यों की श्रृंखला में तेंदूखेड़ा में सिलाई मशीन व ब्यूटी पार्लर का कोर्स कर रही 90 बच्चियों को स्वेटर,टूथपेस्ट,सेनेटरी पैड व कटोरी वितरित की गई .तेंदूखेड़ा जनपद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी 90 बच्चियों को उपरोक्त सामग्री प्रदाय की गई .इस अवसर पर रोटरी क्लब दमोह के अध्यक्ष इंजी . अजित जैन,पूर्व अध्यक्ष राकेश अहिरवाल,किशन लाल हुरा,क्लब कॉर्डिनेटर संजय जैन अरिहंत,समीर बुधवानी,अभिषेक साहू व सुमित अग्रवाल की उपस्थिति रही .रोटरी क्लब दमोह द्वारा दमोह जिले में बालिकाओं के संपूर्ण विकास हेतु सेवा भावी कार्य निरंतर जारी हैं .

मतदाता जागरूकता रथ को कलेक्टर ने दी हरी झंडी

नवभारत,दमोह . क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के 30 ग्राम पंचायतो के 77 मतदान केन्द्रों पर प्रचार-प्रसार हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीनामसराम द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई। ज्ञात हो कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के जिला पंचायत सदस्य पद हेतु निर्वाचन 29 दिसंबर 2025 को संपन्न होगा।

अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी की पूर्व संध्या पर भव्य दीप प्रज्वलन कार्यक्रम

नवभारत ,दमोह. भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के श्रद्धेय नेता अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में तथा भाजपा युवा मोर्चा द्वारा अटल पार्क बेलाताल में भव्य दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन व समरसता का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने देश को विकास, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता की सुदृढ़ दिशा प्रदान की। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि अटल जी के विचार और आदर्श आज भी पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में अटल जन्म शताब्दी वर्ष के प्रभारी जिला महामंत्री अरुण तिवारी, जिला महामंत्री महेश पटेल, रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, राघवेंद्र परिहार, संजय यादव, जिला मंत्री भारत यादव, कपिल शुक्ला, कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, दिलीप चौरसिया,जिला आईटी प्रमुख रिंकू गोस्वामी, जिला मीडिया प्रभारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन सहित अनेक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पूर्व जिला महामंत्री गोपाल पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत बाजपेई, नरेंद्र बजाज, श्रीमती नर्मदा सिंह, श्रीमती मालती असाटी, प्रमोद विश्वकर्मा, कृष्णा राज, आलोक गोस्वामी, ब्रज गर्ग,मोंटी रैकवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे। युवा मोर्चा से जिला उपाध्यक्ष व दीप प्रज्वलन कार्यक्रम प्रभारी महेंद्र राठौर, विधान पाराशर, शिवेंद्र तिवारी, आलोक चौबे, टीकाराम पटेल,कृष्णा पटेल, अरविंद लोधी, राजुल चौराहा, संदीप सैनी, शिवम अग्रवाल,गोलू साहू,आशीष राय, अखलेश चौबे, रमाकांत मिश्रा, धीरेन्द्र तिवारी, डी.के. रोहित,आकाश राठौर सहित युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अटल स्मृति पर्व , कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री व श्रद्धेय नेता अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, दमोह में अटल स्मृति पर्व के अंतर्गत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल सिंह (सांसदद्ध) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सदानंद गौतम (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला प्रभारी, दमोह) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने की। मंचासीन अतिथियों व पदाधिकारियों में पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत छाबड़ा, विद्यासागर पांडे, राजेंद्र सिंघई, जिला महामंत्री अरुण तिवारी, रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, संजय सेन,संजय यादव, अमित बजाज, मनीष तिवारी, राघवेंद्र परिहार,श्रीमती श्यामा उरेती, भारत यादव, प्रिंस जैन, देवकीनंदन पटेल, मंत्री दिलीप चौरसिया, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत वाजपेई, सुरेंद्र तोमर, बृजेश सिंह, दान सिंह शामिल रहे।

अनुसूचित जाति विभाग का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

नवभारत ,दमोह. जिला कांग्रेस के अनुसूचित विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन जिला कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुसूचित विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने कहा कि भाजपा योजनाओं में गांधी जी का नाम मिटा सकती है किन्तु गांधी वादी विचार धारा को नही बदल सकती। कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़के जो दलित समाज से आते है उनको बनाकर हम सब को सम्मान दिया हैं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि दलित आदिवासी अल्पसंख्यक वर्ग के कुछ परिवार हमसे रूठे है वह स्वयं उनके घर जाकर कांग्रेस की मुख्यधारा में लायेगे। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि हंगामा खड़ा करना हमारा मकसद नहीं हम सभी की कोशिश है भाजपा सरकार बदलना चाहिये। पूर्व जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा ने कहा कि आज जिले के जितने भी युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है उनमें भाजपा शासन के प्रति जमकर आक्रोश है। अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष अजय जाटव ने कहा हम कांग्रेस है हमरो दिलो में कांग्रेस है और वह भाजपा की रीति नीति का विरोध करते आये है और करते रहेगे।

डीआईजी की मौजूदगी में बांटे नि :शुल्क हेलमेट

नवभारत,दमोह. दमोह पहुंचे सागर डीआईजी एसएस चौहान की मौजूदगी में बुधवार दोपहर कीर्ति स्तंभ पर निशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया.इस दौरान जो बाइक चालक बिना हेलमेट के चल रहे थे उन्हें हेलमेट देकर इसका उपयोग करने के लिए कहा गया. इस दौरान मौजूद एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने कहा कि अभी यह हेलमेट निशुल्क दिए जा रहे हैं अगले महीने से सख्त कार्रवाई की जाएगी.साथ ही बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की बात भी डीआईजी के द्वारा कही गई.

हेलमेट वितरण के दौरान एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया के अलावा कई पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे.इसअवसर पर एएसपी सुजीत भदोरिया, एसडीओपी हटा प्रशांत सुमन, यातायात दलबीर सिंह, सब इंस्पेक्टर बीएस हजारी के अलावा और पुलिस बल मौजूद रहे. लोगों को हिदायत दी गई कि अभी यह हेलमेट निशुल्क है,लेकिन यदि इसका उपयोग नहीं किया तो अब सख्त कार्रवाई की जाएगी.वहीं बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले पुलिस कर्मियों के बारे में डीआईजी ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुख्यालय के निर्देश है यदि पुलिसकर्मी हेलमेट का उपयोग नहीं करते तो एसपी इस संबंध में जल्द ही कार्रवाई प्रस्तावित करें.क्योंकि जागरूकता बहुत जरूरी है.

हेलमेट वितरण के दौरान डीआईजी ने वाहन चालकों से कहा कि यदि आप लाख रूपये की बाइक लेते हैं. तो उसके साथ कुछ रुपए खर्च कर हेलमेट जरूर लें.एक हेलमेट आपकी जिंदगी और आपकी पूरा परिवार बचा सकता है ।

1000 हेलमेट बांटने का अभियान

आपको बता दें हंड्रेड लाइफअभियान के तहत दमोह जिले में1000 हेलमेट बांटने का अभियान एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के द्वारा शुरू किया गया है .जिसमें जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले वाहन चालकों को यह हेलमेट दिए जा रहे हैं. इसी क्रम में बुधवार दोपहर सागर डीआईजी चौहान दमोह पहुंचे थे. जहां उनकी मौजूदगी में कीर्ति स्तंभ पर बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट दिए गए .

27 से 29 दिसंबर तक चयनित ग्रामों में शराब बिक्री पर पूर्णत : प्रतिबंध

नवभारत,दमोह .राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिले में पंचायतों के उपनिर्वाचन 2025 (उत्तरार्ध) के रिक्त पदों हेतु मतदान 29 दिसंबर को प्रात : 07 बजे से अपराह्न 03 बजे तक संपन्न होगा।

नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मैं **प्रत्यूण कुमार छाबड़ा** उम्र- 42 वर्ष जाति छाबड़ा आत्मज श्री हेमंत कुमार छाबड़ा निवासी वैशाली नगर तहसील दमोह, जिला-दमोह उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ, यह कि मेरा पूरा नाम प्रत्यूण कुमार छाबड़ा है जो मेरे आधार कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस एवं पेन कार्ड में दर्ज है। जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मूलवंश प्रत्यूण छाबड़ा दर्ज हो गया है। अतः प्रत्यूण कुमार छाबड़ा एवं प्रत्यूण छाबड़ा दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे ही है। अतः मेरे नाम को मेरे समस्त दस्तावेज में आज दिनांक से **प्रत्यूण कुमार छाबड़ा** ही पढ़ा, लिखा एवं समझा जावे, जिस हेतु मैं यह सूचना का प्रकाशन एवं शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

स्थान-दमोह
दिनांक-26/12/2025

पूरा एवं वर्तमान नाम -प्रत्यूण कुमार छाबड़ा